समाचार

पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिकाधिक वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक –महापौर

(विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर निगम ने आयोजित किया वृक्षोरापण कार्यक्रम, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने किया वृक्षारोपण)

कोरबा 05 जून 2019–महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक संख्या में पौधों का रोपण करना, उन्हें संरक्षित करना तथा पेड़ों को कटने से रोकना अत्यंत आवश्यक है, हम सभी को अधिक से अधिक संख्या में वृक्षों का रोपण करना होगा तथा उनके संवर्धन एवं संरक्षण हेतु आवश्यक कदम उठाने होंगे।

उक्त बातें महापौर श्रीमती अग्रवाल ने निगम द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान कही। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क. 29 पोड़ीबहार में स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर के समीप वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, आयोजन की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती अग्रवाल ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री एस.के. दुबे एवं अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, पार्षद प्रदीप जायसवाल, कांग्रेस नेत्री कुसुम द्विवेदी, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर. मिश्रा, कार्यपालन अभियंता आर.के. माहेश्वरी, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, आनंद राठौर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों एवं नागरिकों ने भी वृक्षारोपण किया। इस मौके पर आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने कहा कि वृक्षारोपण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, वृक्षों से ही प्राणी मात्र का जीवन है तथा पर्यावरण के संरक्षण में वृक्षों की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण है, अतः हम सभी को इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने होंगे। अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हम संकल्प लें कि हम सतत रूप से पौधों को लगाने एवं उनके संरक्षण का कार्य करेंगे, आज हम जो पौधे लगा रहे हैं, वे भविष्य में पेड़ का रूप धारण करेंगे तथा आने वाली पीढ़ी को छाया प्रदान करेंगे।

महापौर ने किया कम्पोस्ट खाद का वितरण— इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उपस्थित नागरिकों को निगम द्वारा कचरे से तैयार की गई कम्पोस्ट खाद का वितरण किया। उन्होने नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा कि गीले कचरे से घर पर ही कम्पोस्ट खाद बनाई जा सकती है, इस संबंध में निगम के स्वच्छता विभाग से और अधिक जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है, घर से निकले हुए कचरे से कम्पोस्ट पिट के माध्यम से घर पर ही खाद बनाने से कचरे का उचित समापन एवं उसका समुचित उपयोग किया जा सकेगा तथा यह खाद घर की बागवानी आदि में उपयोग की जा सकेगी।

गीला व सूखा कचरा अलग—अलग मांगे सफाईमित्र — इस अवसर पर उपस्थित निगम की सफाई मित्रों को निर्देश देते हुए आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने कहा कि जब आप लोग घर—घर जाकर कचरे का संग्रहण करती हैं, तो उस दौरान उनसे पृथक—पृथक गीले व सूखे कचरे की मांग करें ताकि एस.एल.आर.एम.सेंटर कचरे के पृथकीकरण में लगने वाले अनावश्यक समय की बचत हो सके।

जनभागीदारी से हुई तालाब की सफाई— विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज वार्ड क्र. 29 के पार्षद प्रदीप जायसवाल की अगुवाई में जनभागीदारी के माध्यम से पोड़ीबहार तालाब की साफ—सफाई का कार्य किया गया, जिसमें संजू सिंह, धनंजय, जयप्रकाश कौशिक, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, आर.सी.साहू, रवि सोनी, आकाश, युवराज, भरत आदि के साथ अन्य नागरिकों ने तालाब की सफाई में अपनी भागीदारी निभाई तथा सफाई का कार्य किया।